## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में टास्क फोर्स की बैठक कल होगी

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार 16 जून को टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में टीएल बैठक के पश्चात आयोजित होगी। बैठक में वन एवं वन्यप्राणी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं विभिन्न विषयों पर कार्यवाही के संबंध में चर्चा की जायेगी। बैठक में वनमंडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल निगम, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### एसडीएम ने अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**कटनी।** एसडीएम कटनी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ने फर्म सेठ ट्रेडिंग कम्पनी प्रोप्राइटर नितिन कुमार गुप्ता पिता प्रेम कुमार गुप्ता को फल सब्जी अढातिया की पूर्व में जारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि इस जारी अनुज्ञप्ति को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होकर लायन आर्डर की परिस्थितियां निर्मित होने की वजह से अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है। भार साधक अधिकारी श्री मिश्रा ने कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 33 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी आदेश तक फर्म की अनुज्ञप्ति निलम्बित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### लाड़ली बहनों के खातों में राशि का अंतरण आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये उनके खातों में अंतरित की जाती है।

### आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बहोरीबंद में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रारंभ है। इस शैक्षणिक सत्र में आईटीआई बहोरीबंद में विद्युतकार हेतु 20, वेल्डर हेतु 40, फिटर हेतु 20, कोपा हेतु 48 तथा सोलर टेक्नीशियन हेतु 20 सीटों पर प्रवेश होना है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइ पर जाकर संपूर्ण प्रवेश विवरण पढ़ सकते है। साथ ही 16 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### तत्कालीन एसडीएम ने विधि विरूद्ध रूप से तीन प्रकरणों में नामांतरण के किये थे आदेश

# अहस्तांतरणीय पट्टे की भूमि का कर दिया नामांतरण, कलेक्टर कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासन द्वारा पट्टे पर प्रदान की गई शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि को नियम विरूद्ध तरीके से तत्कालीन एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी उईके के द्वारा अपील के तीन नामांतरण प्रकरणों में आदेश पारित किये गये थे। उपरोक्त संबंध में शिकायतकर्ता के द्वारा विभिन्न अभ्यावेदन संबंधित अधिकारियों को किये गये है जिसमें संज्ञान लेते हुये कलेक्टर कटनी के द्वारा तहसीलदार ढीमरखेड़ा से उपरोक्त तीनों प्रकरणों के संबंध में रिपोर्ट तलब की गई थी। प्रकरणों का अवलोकन करने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के द्वारा स्वंत संज्ञान लेते हुये प्रकरणों को सुनवाई में लिया गया है। तीनों प्रकरणों में 2 जून को स्थगन आदेश पारित करते हुये पुनः" शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि" दर्ज करने के आदेश पारित किये गये है।

गौरतलब है कि तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा विंकी उईके के द्वारा अपीलीर्थियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से " शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि" पर नामांतरण के आदेश किये है। जबकि अधिनस्थ न्यायालयों के द्वारा तीनों प्रकरणों को खारिज किया गया था और अपने आदेश में यह स्पष्ट अंकित किया गया कि उपरोक्त भूमि मिशन बंदोबस्त के दौरान " शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि" कालम नम्बर 12 पर दर्ज थी, लिहाजा नामांतरण नहीं किया जा सकता है। तीनों प्रकरणों में अपीलीर्थियों के द्वारा अपील एसडीएम के समक्ष की गई जिसमें विधि का घोर उल्लंघन कर अपीलार्थी को लाभ पहुंचाने की मंशा से अपने पद का दुरूपयोग कर तत्कालीन एसडीएम के द्वारा " शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि" पर नामांतरण के आदेश किये है।

**प्रकरण क्रमांक-1** - आवेदक बबली पिता बेनी प्रसाद निवासी सिहोरा के द्वारा ग्राम-जमुनिया पहन 28. रा.नि.मं. 28, राजस्व निरीक्षक मंडल उमरियापान में स्थित कृषि भूमि खसरा नं.1, 13, 21, 22, 27 रकबा 0.65, 0.20. 202, 0.57, 0.03 है भूनि का नामांतरण किये जाने न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें न्यायालय के द्वारा पटवारी रिपोर्ट आहूत की गई, हल्का पटवारी के द्वारा बताया गया कि मिसल बंदोबस्त में उक्त भूमि शासकीय पट्टे की भूमि होकर अहस्तांतरणीय भूमि" है। लिहाजा अधिनस्थ न्यायालय के द्वारा आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया गया। तत्पश्चात अपीलार्थी के द्वारा अपीलीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा के समक्ष एक अपील अंतर्गत धारा 44 म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपील पेश की गई जिसका राजस्व प्रकरण कमांक-0063/अपील/2024-25 होकर आदेश 13.02.2025 को अपीलार्थी को लाभ पहुंचाने की मंशा से तत्कालीक एसडीएम के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के आदेश को नजरअंदाज करते हुये नामांतरण आदेश पारित कर अपीलार्थी को लाभ पहुंचाया गया।

**प्रकरण क्रमांक-2-** इसी तरह से आवेदक अशोक कुमार कोल पिता मुल्लू कोल, निवासी रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, अमीरगंज कटनी, तहसील व जिला कटनी म.प्र. के द्वारा मौजा-साहडार, प.ह.नं.29, रा.नि.मं. ढीमरखेड़ा, में स्थित खसरा नं.45 रकवा 1.55 हे. भूमि का नामांतरण किये जाने न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें न्यायालय के द्वारा पटवारी रिपोर्ट आहूत की गई, हल्का पटवारी के द्वारा बताया गया कि मिसल बंदोबस्त में उक्त भूमि शासकीय पट्टे की भूमि होकर अहस्तांतरणीय भूमि" है। लिहाजा अधिनस्थ न्यायालय के द्वारा आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया गया। अपीलार्थी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा के समक्ष एक अपील पेश की गई। पक्षकार अशोक कुमार कोल विरुद्ध मंलगा उर्फ मंलता गौंड, आदेश 17.04.2025 में भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा अपीलार्थी को लाभ पहुंचाने की मंशा से नामांतरण आदेश पारित किये गये। अपीलीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा के द्वारा धारा 5 मियाद अधिनियम का कोई उल्लेख पारित नामांतरण आदेश में न करते हुये नियम विरूद्ध आदेश पारित किया गया।

**प्रकरण क्रमांक-3-** एक अन्य प्रकरण में आवेदक अशोक कुमार कोल पिता मुल्लू कोल, निवासी रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, अमीरगंज कटनी, तहसील व जिला कटनी म.प्र. के द्वारा मौजा-साहडार, प.ह.नं.29, रा.नि.मं. ढीमरखेडा, में स्थित खसरा नं.49 रकवा 1.55 हे भूमि का नामांतरण किये जाने न्यायालय तहसीलदार ढीमरखेडत्रा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें न्यायालय के द्वारा पटवारी रिपोर्ट आहूत की गई, हल्का पटवारी के द्वारा बताया गया कि मिसल बंदोबस्त में उक्त भूमि शासकीय पट्टे की भूमि होकर अहस्तांतरणीय भूमि " है। लिहाजा अधिनस्थ न्यायालय के द्वारा आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया गया। तत्पश्चात अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी में अपील पेश की गई। तत्कालीन एसडीएम श्रीमती विंकी उईके सिंहमारे द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के आदेश को अनदेखा करते हुये शासकीय अहस्तांतरणीय भूमि पर नामांतरण आदेश पारित किये है।

### श्रमिकों के बच्चों को 25 हजार तक की छात्रवृत्ति

**कटनी।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत प्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट, लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये से पच्चीस हजार रुपये तक छात्रवृत्ति की स्वीकृत दी गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 नियत की गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय आवेदकों को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) करना अनिवार्य है। इसके साथ ही फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया को भी पूरा करना आवश्यक होगा। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां पोर्टल पर अपलोड करें, जो कि स्पष्ट और पठनीय हो। आवेदन की पात्रता एवं अन्य संबंधित जानकारी/ शर्तें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने के बाद छात्रों को अपने शिक्षण संस्थान से संपर्क कर आवेदन का सत्यापन भी स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से करवाना अनिवार्य है।

*सर्पदंश से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी*

## बारिश के मौसम में जहरीले जीव जंतु के काटने से असमय हो जाती है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में पिछले वर्ष सर्प-दंश से हुई मौतों को देखते हुए आगामी बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एक बहुआयामी रणनीति तैयार की गई है। जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं।ताकि सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोका जा सके।

### जनजागरूकता और प्रशिक्षण पर विशेष जोर

इस के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

### आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाने की पहल

प्रशिक्षित 'सर्प मित्र' और 'स्नेक-कैचर्स' के हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

### निवारक उपायों पर सामुदायिक भागीदारी

जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी गई है।घरों के आस-पास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया है।

पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है।

राज्य सरकार ने इसके लिए कटनी जिले को 23.17 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बजट का उपयोग प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों में किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देशी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा 'गोल्डन आवर' यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को आमंत्रित करने अभिनव नवाचार



महिला एवं बाल विकास परियोजना बहोरीबंद द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को आमंत्रित करने अभिनव नवाचार किया गया है। इसके तहत विकासखण्ड बहोरीबंद के सभी 235आंगनवाडी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा हेतु बच्चों को सोमवार 16 जून से नियमित आंगनवाड़ी केंद्र आने हेतु हल्दी-चावल और आमंत्रण पत्र देकर बुलाया जा रहा है। परियोजना अधिकारी सतीश कुमार पटेल ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र आने के लिए घर-घर भेजे जा रहे आमंत्रण पत्र पर बच्चों के पसंदीदा फूल, पक्षी, जानवर और फलों के चित्र चिपकाकर आमंत्रण पत्र को आकर्षक और मनोहारी स्वरूप में डिजाइन किया गया है। 16 जून से बच्चे पुन: आंगनवाड़ी केंद्र में पहुंचेंगे जहां आंगनवाड़ी केंद्र एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल से गुलजार हो जायेंगे।

## विद्युत विभाग के अधिकारी सहित कर्मचारी से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमरिया में विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने की मारपीट जिससे मीटर रीडर अंकित रजक पिता शिवराज रजक 27 वर्ष निवासी खमतरा को चोट पहुंची है एवं कपड़े फाड़ दिए गए हैं एवं ढीमरखेड़ा में पदस्थ जे ई आनंद प्रजापति के साथ मारपीट की गई है इसकी सूचना विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई।

अधिकारियों के द्वारा ढीमरखेड़ा थाना पहुंचकर आशीष साहू पिता चुन्नीलाल साहू निवासी खमरिया शिवम साहू पिता दीनू साहू निवासी खमरिया मनोज यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मुहलयजा के लिए उमरिया पान अस्पताल भेजा गया है।

ढीमरखेड़ा जेई ने बताया कि विभाग के द्वारा आदेशित किया गया था कि जिन उपभोक्ताओं के अधिक बिजली बिल हैं उनकी वसूली की जाए अगर उपभोक्ता के द्वारा बिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा तो उसकी बिजली काट दी जाए। आशीष साहू की दुकान का बिल लेने के लिए उसके यहां पहुंचे तो उसके द्वारा कहा गया कि इतना अधिक बिल मेरी दुकान का क्यों भेजा गया है। इस विषय को लेकर के विभाग के मीटर रीडर अंकित रजक से विवाद होने लगा और उसके साथ मारपीट करने लगे यह देख गांव के और भी लोग इकट्ठा हो गए और वहां खड़े सभी विद्युत कर्मचारी के साथ मारपीट की। किसी तरह से हम लोग वहां से बचकर भागे और खेतों के रास्ते से होते हुए में रोड पहुंचे और अपने विद्युत विभाग अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि आप ढीमरखेड़ा थाना पहुंचे हम लोग भी आ रहे हैं ढीमरखेड़ा थाना पहुंचकर तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई एवं कुछ लोगों के नाम पता न होने के कारण और भी नाम बढ़ सकते हैं।

*आत्मनिर्भर बनाने एवं स्व रोजगार स्थापित करने प्रशिक्षण*

## स्व सहायता समूह की महिलाओं को कृषि उद्यमी बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कलहरा के मोहन टोला में 33 स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरबनाने एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।



### जैविक खेती की जानकारी

प्रशिक्षण के अंतर्गत कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए कम लागत तकनीकी, जीरो बजट फार्मिंग जैविक खेती के विषय में बताया जा रहा है। विभिन्न जैविक खादोंएवं कीटनाशकों की जानकारी, गोबर तथा गौमूत्र का जैविक खेती में उपयोग, फसलों के लिए आवश्यक 17 प्रकार के पोषक तत्व तथा उनका वर्गीकरण, देसी गाय के मूत्र मेंपाये जाने वाले 33 प्रकार के तत्व आदि की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही गोमूत्र से बीज उपचार, जैविक कीटनाशक शीघ्र खाद बनाने तथा फसलों में उपयोग की जानकारी, काटने वाले, कुतरने वाले, रस सूचक एवं फल छेदक कीटों से होने वाले नुकसान तथा उनके जैविक नियंत्रण की जानकारी भी दी जा रही है।

इस प्रशिक्षण में गेंदाबाई यादव, सीमा मिश्रा, रोशनी यादव, अंजना यादव, लक्ष्मी बर्मन तथा संतोषी यादव तथा अन्य स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीहैं।

### चयनित ग्राम पंचायतों में लगेंगे हितग्राही मूलक योजनाओं के सेचुरेशन कैम्प

# जिले में आज से शुरू हो रहा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत जनजातीय ग्रामों में निवास करने वाले जनजातीय समुदाय को सशक्ते बनाने हितग्राही मूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु रविवार15 जून से 30 जून तक सेचुरेशन कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान में जनजातीय समुदाय के वंचित लोगों को आधार कार्ड,जाति प्रमाण-पत्र, जन-धन खाता, पीएम जीवन ज्योंति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम किसान सम्मानन निधि योजना, आयुष्मान कार्ड,पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएम राष्ट्री य डायलेसिस प्रोग्राम, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम गरीब कल्याषण अन्ना योजना, राशन कार्ड, पीएम उज्जमवला, पीएम विश्वाकर्मा, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृत्वम वंदना योजनाएवंजन अधिकार पट्टा का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा।

### इन ग्रामों में लगेगा कैम्प

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा में15 जून को ग्राम सुतरी में, 16 जून को ग्राम मिदरा एवं मिदकी में, 17 जून को बंजर बरेला, जजगढद्य एवं बरमनी में, 18 जून को गबड़ी निपनिया, बगदराएवं भदौरा में, 19 जून को बनहरा, पोड़ी व उमरिया में, 20 जून को चिरूहली, बछौली एवं भगनवारा में, 21 जून को बड़गांव, सेझा एवं भदवार में, 23 जून को छपरवा, मुहगवां एवं लुहरवरा में, 24 जून को कोदो, पथवरी, झांपी एवं लमकना में, 25 जून को रमगढ़ा, थुथिया में 26 जून को गोपालपुर में एवं 27 जून को मिदरा एवं लढ़ार में कैम्पा लगेगा।

बहोरीबंद में 15 जून को ग्राम गौरहा में, 16 जून को ग्राम पतिकला में, 17 जून को ग्राम पतोरी में, 18 जून को ग्राम किवलरहा में, 19 जून को ग्राम कछारगांव में, 20 जून को ग्राम सलैया खुर्द में, 21 जून को ग्राम जुझारी में, 23 जून को ग्राम खरदा में, 24 जून को ग्राम बरही में, 25 जून को ग्राम धनवाही में, 26 जून को ग्राम डुगरिया में एवं 27 जून को ग्राम हरदुआ में कैम्पू का आयोजन किया जाएगा।

विकासखंड ढीमरखेड़ा में15 जून को ग्राम बिजैया में, 16 जून को ग्राम सैलारपुर में, 17 जून को ग्राम कनौजा में, 18 जून को ग्राम मढ़ना एवं धुली में, 19 जून को भनपुरा कला एवं सहलावन में, 20 जून को भटगवां, भसेड़ा एवं गदवंश में, 21 जून को कुदवारी एवं धनवाही में, 23 जून को ग्राम मंगेला एवं खंडनवारा में 24 जून को ग्राम कटरा, दियागढ़, परसेल एवं बिजौरी में, 25 जून को ग्राम ढिहरी, जिर्री, भलवारा एवं बिछुआ में, 26 जून को ग्राम कुदरा, महुदा, दिवरी एवं सिंघनपुरी में, 27 जून को ग्राम सलैया, कुदरी, कोठी में, 28 जून को ग्राम हर्रई, सगौना, खिरवा पोड़ी एवं हटका में एवं 30 जून को ग्राम दादर सिहुड़ी, कटरिया एवं सरई में सेचुरेशन कैम्पो का आयोजन होगा।

विकासखंड कटनी में 15 जून को ग्राम पौंसरा में, 17 जून को ग्राम कूदो में, 18 जून को ग्राम अमरदंड में, 19 जून को ग्राम पिपरहटा में, 20 जून को ग्राम खमतरा में, 21 जून को ग्राम पोड़ी, सुरकी, एवं जुगियाकाप में, 23 जून को ग्राम भरौली में, 24 जून को ग्राम टिकरिया में एवं 25 जून को ग्राम ठरका एवं गुबराधरी में कैम्पा का आयोजन होगा।

विकासखंड रीठी में 15 जून को ग्राम गोदना, 16 जून को ग्राम नयाखेड़ा, भेड़ा, बड़गांव, गुरजी कला,लालपुरा एवं गुर्जीखुर्द में, 17 जून को ग्राम अमगवां, बकलेहटा, घुनगाची, सूखा, कैना, टिहकरी एवं कुपिया में, 18 जून को ग्राम खुसरा, नैगवां, रामपुरा, कुदई, इमलिया, खम्हएरिया एवं कुदरी में, 19 जून को ग्राम सिमरा, रूड़मुड़, भदनपुर, कथौटिया, सिमदरी, करहिया एवं दांग में, 20 जून को ग्राम झारी खेड़ा, मुहास, उमरिया, ममारपाटी, रीठीएवं बरहटा में, 21 जून को ग्रामहरद्वारा, मढ़िया, देवरीकला, सैदा, जमुनियाएवं पटौहा में, 23 जून कोग्राम चिखला, मढ़ादेवरी, सिमरा, देवगांव, रैपुरा एवं हथकुरी में, 24 जून को ग्राम गुड़हा बंधा, बंधा, पोड़ी, इमलाज, तिलगवां एवं गुड़हरी में, 25 जून को ग्राम बरयारपुर, करहिया खुर्द, मढ़िया, बड़खेरा, अड़िया एवं मुरावल में, 26 जून को ग्राम खम्हररिया, खरखरी, पिपरिया, रैपुरा, ढ़ंढरी, सगोड़ी एवं धर्मपुरा में, 27 जून को ग्राम करहिया, बड़गांव, कैमोरी, बिलहरी, घिनौची, नितर्राएवंथनौरा में, 28 जून को ग्राम सुगावन, इमलिया, बिरूहली, चरगवां, बसुढ़ा, चिरहुला एवं घनिया में एवं 30 जून को ग्राम बोधा, मगर्धा, नौवापती, चिखला, कुम्हलरवारा, घुढ़ार, पाली एवं जलसूर में कैम्पो का आयोजन होगा।

विकासखंड विजयराघवगढ़ में 15 जून को ग्राम सलैया पहरहई में, 16 जून को ग्राम कुर्सी कोला में, 17 जून को ग्राम नदेरी में, 18 जून को ग्राम धोरा में, 19 जून को ग्राम जतवारा खुर्दएवं जिजनौड़ी में कैम्प लगेगा।



## खेत में गाज गिरने से दो महिलाएं चपेट में आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

गरज चमक के साथ शनिवार की देरशाम गाज गिरने से दो महिलाएं उसकी चपेट में आ गई। दो महिलाओं का उपचार उमरियापान अस्पताल में जारी है।

जानकारी के मुताबिक भनपुरा के झिरिया निवासी रामबाई आदिवासी (60) और इलायची बाई आदिवासी (55) गांव में ही खेत में उड़द की फसल काट रही थी। शनिवार देरशाम गरच चमक के साथ गाज गिरी। जिसकी चपेट में दोनों महिलाएं आ गई। जानकारी लगते ही सरपंच पति जयपाल सिंह ने महिलाओं को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया।जहा महिलाओं का उपचार जारी है। मण्डल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने अस्पताल पहुँचकर महिलाओं का हाल चाल जाना। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने डॉक्टरों से बातचीत की।

## खबर संक्षेप

### छात्रावासों में मैस की व्यवस्था कराने प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र

**कटनी।** कटनी जिले में संचालित कई छात्रावासों में मैस की कमी है। जिसको लेकर जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने पहल की है। उन्होंने जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को एक पत्र लिखकर छात्रावासों में मेस की व्यवस्था कराए जाने की अपेक्षा की है। प्रभारी मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि विगत दिनों पूर्व कटनी में संचालित छात्रावास का औचिक निरीक्षण किया गया था, जहां पाया कि बच्चियों के लिए मेस की उचित व्यवस्था नहीं है। छात्राएं अपने घर से भोजन सामग्री लाकर अपनी भोजन की व्यवस्था स्वयं करती है। ऐसी स्थिति में उनका संपूर्ण समय भोजन व्यवस्था में निकल जाता है और वो अपना अध्ययन कार्य नहीं कर पाती। जिससे अध्ययन कार्य प्रभावित होता है। कटनी में संचालित जिन छात्रावासों में मेस की व्यवस्था नहीं है, उसे शासन स्तर या स्थानीय स्तर पर कराए जाने की अपेक्षा है।

### भीषण गर्मी के चलते बढ़ाया जाए ग्रीष्म अवकाश

**कटनी।** मानसून की लेटलतीफी के चलते गर्मी प्रचण्ड तेवर दिखा रही है। पारा लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण हर वर्ग परेशान है, जिसको देखते हुए जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के अंतर्गत शालाओं के अवकाश अवधि को बढ़ाए जाने की अपेक्षा की है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी एवं जल के संकट से संपूर्ण प्रदेश झुलस रहा है। ऐसी स्थिति में नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्कूल जाने में समस्या होगी। इस भीषण गर्मी में पानी और बिजली की अनुपलब्धता के चलते बच्चों को कई तरह की परेशानी होगी। उपरोक्त परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह और बढ़ाने की अपेक्षा है।

### शिवाजी वार्ड में फागिंग मशीन से किया गया छिड़काव

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संचारी बीमारी मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया। नगर निगम द्वारा निर्धारित फागिंग कैलेंडर अनुसार शिवजाी वार्ड क्रमांक 20 स्थित आटा चक्की रोड, पूर्व पार्षद निवास के आगे एवं पीछे वाली गली, स्कूल गली, पटेल मोहल्ला, चैहान बस्ती, ग्रीन कॉलोनी, बर्मन बस्ती सहित वार्ड की अन्य गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

### सुशीला देवी सितपाल का आकस्मिक निधन

**कटनी।** शांतिनगर निवासी सुशीला देवी सितपाल पति स्व. श्रीमनदास सितपाल का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया।



राजेश, अशोक की माताजी, प्रकाश की भाभीजी, संजय, मुकेश, वीरभान, हरीश, महेश, गौरव की चाची सुशीला देवी की अंतिम यात्रा शाम 5 बजे शांतिनगर से मुक्तिधाम माधव नगर के लिए निकाली गई। उपस्थित जनों द्वारा सुशीला देवी की आत्मा को सदगति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने ईश्वर से प्रार्थना की गई।

---

विद्युत विभाग की लापरवाही से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बढ़ा रहा रोष

# उमस भरी गर्मी में अघोषित कटौती एवं फाल्ट फ्यूज की समस्या से बढ़ा सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उमस भरी गर्मी के मौसम से लोग हलाकान है ऊपर से विद्युत विभाग द्वारा अघोषित कटौती कर और पीड़ा बढ़ा रहा है। भीषण गर्मी के दौर में कुछ समय के लिए अगर बिजली बंद हो जाती है तो लोग पसीना से नहा जाते हैं। ऐसे में अगर घंटे दो घंटे के लिए बिजली कटौती हो जाती है तो मुसीबत का अंदाजा स्वयं ही लगा सकते हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी कूलर एवं एसी की हवा में बैठकर नागरिकों की समस्या भला कैसे समझ सकते हैं। आंधी, तूफान या तेज बारिश के दौरान बिजली कटौती हो तो समझ में आता है लेकिन गर्मी के इस मौसम में जब किसी तरह की कोई ऐसी दिक्कत नहीं है तब भी फाल्ट फ्यूज की समस्या बन रही है। शहरी क्षेत्र में ही बिजली कब गुल हो जाए कोई ठिकाना नहीं रहता है। ग्रामीण अंचलों की स्थिति तो और भी विकट है। बिजली कटौती से लोगों में अब आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। कई क्षेत्रों के वाशिंदों ने तो ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। अब ऐसे में विद्युत विभाग लोगों की परेशानियों को समझते हुए यदि निर्बाध बिजली व्यवस्था नहीं कराता तो स्थिति विपरीत हो सकती है।



विद्युत विभाग द्वारा समय समय पर मेंटीनेंस कार्य कराया जाता है बावजूद इसके फाल्ट फ्यूज की समस्या होने से घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। वर्षाकाल पूर्व बिजली आपूर्ति के रखरखाव की तैयारियों की जाती है। मेंटीनेंस के नाम पर लाखों का बजट खप गया लेकिन हालात इतने बदतर हो गये है कि कही फाल्ट हो रहा है तो कहीं ट्रांसफार्मर जल रहे है तो कही बिगड़े ट्रांसफार्मर बदले नही जा रहे। ग्रामीण क्षेत्रों के वाशिंदों का तो यहां तक कहना है कि विभागीय अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। मौके पर जाने पर समस्या के समाधान का महज आश्वासन ही मिलता है।

जिले में बीमार बिजली आपूर्ति सिस्टम लोगो को भी बीमार कर रहा है। न दिन के समय नियमित आपूर्ति का भरोसा है न रात्रि में गांरटी। दिन भर की आपाधापी से फारिग होकर लोग जब आधी रात एसी, कूलर, पंखो के सहारे नींद में गाफिल होते है वैसे ही अचानक बिजली गुल करने की बीमारी विघुत मंडल में और गंभीर होती जा रही है। अब तो रोजाना बिजली गुल होने की समस्या से सामना करना पड़ रहा है।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिये जिले में बड़ी धनराशि खर्च किये जाने के बावजूद कहीं लो तो कहीं हाईवोल्टेज की समस्या बनी हुई है। साथ ही ग्रामीण अंचलों में अघोषित कटौती के रवैये में कोई बदलाव नही आ रहा है। विभाग द्वारा हर बार यही दावा किया जाता है कि आपूर्ति व्यवस्था की कमियों को दूर किया जायेगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि इतनी धनराशि खर्च किये जाने के बावजूद नतीजा सिफर है।

### अघोषित कटौती स्थायी समस्या

दिन हो या रात शहरी क्षेत्र में ही किसी भी वक्त बिजली गुल होना आम बात हो गई है। उमस भी गर्मी से बेचैन लोग जब राहत पाने घरों में होते है कूलर पंखे के आसरे समय कटता है ऐसे में अचानक बिजली गुल हो जाने से बमुश्किल से ही वक्त कटता है। बिजली आई भी तो कब चली जाये भरोसा नही। रात्रि के वक्त भी यही परशानी है। बिजली गुल होने से लोग परेशान है। इस और विभागीय अधिकारी भी ध्यान नही दे रहे है जबकि परेशानी पर लोग सिवाय कोसने के कुछ नही कर पा रहे। मेंटेनेंस के बाद भी ट्रांसफार्मर फुंक रहे है।

---





# फायरिंग एवं बमबाजी से रोहिनया में मची दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहनिया में बीती रात अचानक फायरिंग की आवाज दहशत का माहौल निर्मित हो गया। स्थानीय लोग घटना स्तर पर एकत्र हो गए। घटना की विजयराघवगढ़ पुलिस एवं डायल 100 पर दी गई। खबर मिलते ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा के निर्देशन में एसआई जय सिंह एवं 100 डायल से पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा। घटना स्थल पर पहुंचकर एसआई द्वारा दो जिंदा बम एवं एक फूटे हुए बम के अवशेष जप्त किए गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जब सारा गांव सो रहा था, उसी दौरान 2 जीपों में आधा दर्जन से ज्यादा लोग आए, गांव में अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की माने तो फायरिंग करने वाले व बम फेंकने वालों ने राजेश तिवारी की छत के ऊपर बम फेंकने की कोशिश की किंतु मकान के सामने विद्युत सर्विस लाइन में फंसकर बम नाली के पास गिर गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। विजयराघवगढ़ पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सघन जांच प्रारंभ कर दी है।

विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे ने बताया कि घटना को लेकर अभी तथ्य स्पष्ट नहीं हो सके हैं जो बम मिले वह कितनी क्षमता के थे इसकी जांच के लिए बीडीडीएस टीम को जबलपुर से बुलवाया गया है। जांच के बाद ही बमों की मारक क्षमता की जानकारी लग पाएगी।

---

कोतवाली अंतर्गत राधाबाई मार्केट में हुई थी लूट की घटना

# चाकू की नोक पर व्यवसायी से 10 हजार रूपए लूटने वाले बदमाशों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी के राधाबाई मार्केट स्थित एक दुकान में गत दिवस युवकों द्वारा चाकू की नोट पर लूटपाट की थी। बदमाश दुकान में बैठे व्यवसायी को यह धमकी दे रहे थे कि राहुल बिहारी ने कहा है कि तुम अपने बेटों को समझा लो वे केस में राजीनामा कर लें, नहीं तो जान से खत्म करवा देंगे। इतना ही नहीं राहुल बिहारी के नाम की धौंस दिखाते हुए उन बदमाशों ने यह तक कहा कि केस में जो भी खर्च अब तक हुआ है वो सारी रकम तुमसे ही वसूलेंगे। कुछ इस तरह की धमकियां देते हुए वृद्ध व्यापारी को डरा धमका कर तीन बदमाशों ने 10000 रुपए लूटे और वहां से रफू चक्कर हो गए। विगत दिवस रात्रि हुई इस घटना की शिकायत माधव नगर निवासी दीपक मोटवानी ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

पुलिस ने राहुल बिहारी एवं उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ लूटपाट एवं मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं।

इस संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जून 25 को दीपक मोटवानी की लिखित शिकायत के आधार पर राहुल बिहारी एवं तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूध्द कोतवाली पुलिस ने धारा 232, 296, 351(3), 309(4), 61(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया था जिसमें पुलिस ने आरोपियों मे एक आपचारी बालक सहित तरुण जाटव और अतुल निषाद निवासी खिरहनी फाठक को एक एक चाकू और 10 हजार के साथ गिरफ्तार किया गया, सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि उक्त घटनाक्रम को राहुल बिहारी के इशारे पर अंजाम दिया गया था।

आरोपियों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय मे करा कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

---

### ठेला, टपरों को हटाने के लिए की गई संयुक्त कार्रवाई



पुलिस, यातायात एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बस स्टैंड क्षेत्र में सुगम यातायात में बाधक बन रहे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने कार्रवाई गई। इस दौरान पुलिस विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि बस स्टैंड प्रांगण एवं मुख्य प्रवेश द्वार सहित पहुंच मार्ग की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु संयुक्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस एवं नगर निगम के दल बल की मौजूदगी में बस स्टैंड परिसर में सड़क किनारे फुटपाथ पर अस्थाई रूप से लगे चाय, पान, चाट, जूस, फल आदि के ठेलों व टपरों को मुनादी कराकर मार्ग से अलग कराने कराया गया तथा दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर जुर्माना एवं कार्यवाही करने की हिदायत भी संबंधितों को दी गई।

---

# चोरो ने लाखों रूपए के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलवारा कला में चोरो ने एक घर को निशाना बनाया और लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केलवारा कला स्थित सीआईएसएफ जवान के मकान मे धावा बोलते हुए चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वहां मौजूद लगभग 2 किलो चांदी एवं 300 ग्राम सोने के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित उर्मिला देवी पटेल ने बताया कि उनके पति रीवा में पदस्थ हैं। केलवाराकला स्थित आवास में वे अपनी सास के साथ रहती हैं। बहू जयपुर में रहती है और बेटा बहू के पास जयपुर चला गया था। बीती रात बहू के कमरे में ताला बंद कर वे सास के साथ सो रही थी। सुबह जब उठकर देखा तो बहू के कमरे का ताला टूटा था और अलमारी में रखे सारे जेवर गायब थे।

उर्मिला देवी पटेल ने बताया कि उनके पुत्र का विवाह 15 फरवरी 2025 को हुआ था। शादी में वर एवं वधु दोनों ही पक्ष के द्वारा वैवाहिक जोड़े को उपहार स्वरूप सोने चांदी के जेवरात प्रदान किए गए थे। शादी में मिले सारे जेवर अलमारी में रखे थे। जेवर लिए बिना ही बहू जयपुर चली गई थी। चोरों ने आलमारी से सोने का कंगन, झाला, अंगूठियां, बेंदी, लॉकेट, बड़ा हार, कमर का डोरा सहित अन्य जेवरात पार किए।

चोरी की वारदात घटित होने के बाद सीएसपी नेहा पच्चीसिया घटनास्थल पहुंची। घटनास्थल की जांच करते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया। सीएसपी नेहा पच्चीसीया ने पीड़ित परिवार से चर्चा करते हुए पूछताछ की। जल्द ही चोरों को पकड़ने आश्वासन दिया।

---

एसडीएम कटनी ने निर्माण एजेंसी को जारी किया निर्देश

# सीवरेज लाइन कार्य को बंद करने के साथ गड्ढों को समतल करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं आमजनों की शहर प्रवेश में होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम कटनी द्वारा बरगवां ब्रिज से कटाएघाट मोड़ तक किये जा रहे सीवेज लाइन कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है।

### ताकि बरसात में कोई अप्रिय घटना न हो

एस डी एम श्री मिश्रा ने सीवेज कार्य करने वाली एजेन्सी (ठेकेदार) को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य के दौरान जो सड़क में गड्ढे किये गये है उन्हे तत्काल समतलीकरण कराकर सड़क को समुचित रूप से ठीक करें ।ताकि वर्षाकाल के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित न हो। जनता की सुविधा के मद्देनजर सीवेज कार्य वर्षाकाल समाप्त होने के पश्चात करने निर्देशित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बरगवां ब्रिज से कटाएघाट मोड़ तक सीवेज लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है ।जिससे कटाएघाट मोड़ से बरगवां ब्रिज की रोड़ को बंद किये जाने के कारण शहर में आवागमन हेतु वन -वे ट्रैफिक हो गया है अर्थात दूसरी तरफ की रोड़ से यातायात संचालित किया जा रहा है ।जिससे शहर में आवागमन हेतु यातायात रात्रि 10 बजे तक प्रभावित होने से आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### पुलिया में जलभराव से आवागमन न हो बाधित

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 8 से 10 दिन में वर्षा प्रारंभ होने की संभावना है। वर्षाकाल के दौरान शहर में प्रवेश हेतु सागर पुलिया में जलप्लावन की स्थिति निर्मित होने पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु कटाएघाट मोड़ एवं बरगवां ब्रिज से यातायात को डायवर्ट कर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाता है। इन स्थितियों को देखते हुए जनहित में एस डी एम द्वारा सीवेज कार्य पर रोक लगाई गई है।

---

जनप्रतिनिधियों के साथ भूमिपूजन कर महापौर ने रखी विकास कार्य की नींव

# जयप्रकाश वार्ड में 11.69 लाख से होगा सड़क डामरीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में नगर को एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। जयप्रकाश वार्ड के अंतर्गत साजन सचदेवा, अग्रहरी गली एवं साईं मंदिर के पास 11.69 लाख रुपए की लागत से कराए जाने वाले सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं निगम पार्षदों एवं स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में आदर्श कालोनी स्थित शिव मंदिर में संपन्न हुआ। भूमिपूजन के दौरान लोकप्रिय लता सिस्टर, विद्या वर्मा, मुन्ना लाल पटेल एवं सुरेश पाठक ने महापौर एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पूजा अर्चना कर कुदाली चलाकर निर्माण कार्य की नींव रखी। उल्लेखनीय है कि डामरीकरण कार्य के पूर्ण होने से नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात की सुविधा मिलेगी।






भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला ,श्रीमती बीना बनर्जी, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, पूर्व पार्षद ऋचा गेलानी, कमलेश चौधरी, विजय डब्बू रजक की विशिष्ट मौजूदगी रही।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि डामरीकरण कार्य की स्वीकृति और शीघ्र क्रियान्वयन में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेंबर सुभाष साहू की विशेष भूमिका रही है।

महापौर श्रीमति सूरी ने कहा कि वार्ड के नागरिकों द्वारा अग्रहरी गली एवं साईं मंदिर के पास लंबे समय से अच्छी सड़कों की मांग की जा रही थी। इस कार्य के पूरा होने से स्थानीय जनजीवन बेहतर और सुगम होने के साथ क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी भविष्य में भी इसी तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे।

### विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी कमी: महापौर

महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों की गति में किसी भी तरह से कमी नहीं आने दी जाएगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है। आगामी दिनों में नगर के अन्य वार्डों में सड़कें, नाली, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### इनकी रही मौजूदगी

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक शिवम शर्मा, दीपू कटारिया, मुकेश राय, मुकेश राजपूत, अरुण मिश्र, राजवीर सिंह, विजय मिश्रा,शरद झाड़े, आशीष मुखर्जी, रामस्वरूप वर्मा, राकेश सिन्नरकर, राजा साहू, मातृ शक्ति श्रीमति रीना मुखर्जी, पम्मी वाधवा, आरती खेलकर, बबीता राजपूत, ज्योति पाठक, गायत्री वर्मा, तृप्ति अग्रवाल, शोभा पाठक सहित अन्य महिलाओं की मौजूदगी रही।

---

### नगर में चल रहा विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** नगर में बेहतर सफाई की व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, गोल बाजार रामलीला मैदान, बरगवां सेल्फी प्वाइंट, झंडा बाजार, मिशन चौक, जगन्नाथ चौक, बस स्टैंड मुख्य मार्ग, मुक्तिधाम परिसर सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों के मुख्य एवं अन्य मार्गों सहित मुख्य मार्गों के डिवाइडर के किनारे एवं अंदर की सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ भ्रमण कर जिला चिकित्सालय परिसर के सामने आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां जनभागीदारी से निर्मित 21 दुकानों का भी निरीक्षण किया गया और फल-सब्जी दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समक्ष में रेलिंग भी लगवाई गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल परिसर के निकट यातायात व्यवस्था सुगम होने से मरीज एवं परिजनों को सहूलियत होने के साथ ही अन्य आगंतुकों को भी सुविधा होगी। यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आगामी 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 तत्काल प्रभाव से प्रभावशील करने का आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले के समस्त 11 परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में संबंधित विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ, सुपरवाईजर, निरीक्षण दल, स्कूल एवं परीक्षा में संबंधित सामग्री लाने वाला व्यक्ति तथा परीक्षा से संबंध रखने वाले व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी किस्म के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। साथ ही किसी भी किस्म के हथियारों को लेकर चलने अथवा प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

मुख्य कार्यक्रम आने में दिक्कत हो रही है तो नजदीकी पार्क में सरलता से जाकर योग कर सकेंगे-कलेक्टर

# 21 जून को भव्य तरीके से मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### दिव्यांगजन, महिलाएं और बुजुर्गों के लिए विशेष योग प्रशिक्षक

### थीमः एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है इस बार 21 जून को बहुत भव्य तरीके से योग दिवस मनाने का कार्यक्रम है, इस संपूर्ण आयोजन का नाम योग संगम है और इस बार कार्यक्रम को गुरुनानक स्कूल जबलपुर नाका के कैंपस में आयोजित किया जा रहा हैं, इस समय बारिश का दौर रहने की संभावना हैं। इसीलिए पिछली बार के अनुभव को देखते हुए गुरुनानक स्कूल का चयन किया गया हैं। वहां पर बहुत बड़ा शेड हैं और काफी बड़ा कैंपस है, स्कूल ने निः शुल्क आयोजन के लिए सहर्ष सहमति दी है। इस बार का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजे से सुबह 7:45 तक होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह के नागरिकों से अनुरोध किया है कि इस योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। इस बार की थीम है एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग। इस थीम को लेकर एक आयोजन होगा। इसके अलावा योग पार्क के लिये दूसरी थीम है, जिसमें पार्कों के अंदर योग की व्यवस्था की गई है और इसकी डिटेल जानकारी सभी तक पहुँच जाएगी। हर पार्क में एक को-ऑर्डिनेटर और एक असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर बनाया गया, जो योग प्रशिक्षक है और वह पार्क में लोगों को प्रातः 06 से प्रातः 7:45 बजे तक योग का प्रशिक्षण देंगे। यदि किसी भी व्यक्ति को मुख्य कार्यक्रम आने में दिक्कत हो रही है तो कम से कम अपने नजदीकी पार्क में सरलता से जा सकते हैं और वहाँ पर योग कर सकेंगे। पार्क में हमारे इंस्ट्रक्टर्स रहेंगे। उन्होंने कहा तीसरा आयोजन इसी में योग समावेश है, जिसका मतलब है कि सभी के लिए योग। त्रिमूर्ति पार्क, बेला ताल के सामने वहाँ पर एक विशेष आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें दिव्यांगजन, महिलाएं और बुजुर्ग तीनों कैटेगरी के लोगों के लिए विशेष योग प्रशिक्षक रहेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने दिव्यांगजनों, महिलाओं, वृद्धों से आग्रह किया है, कार्यक्रम में आएं और यहाँ पर असिस्ट करने के लिए और आपकी उम्र और स्थिति के अनुसार योग कराने के लिए प्रशिक्षक यहाँ पर मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा योग संगम कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन के लिए एक लिंक जारी की जा रही है, अधिक से अधिक संख्या में इस लिंक में सबको जुड़ना है, टारगेट है कि 21 जून को पूरे जिले में एक लाख नागरिक योग करें तो सभी से आग्रह है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता हेतु योग संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु गूगल फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करें और इस लिंक पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात जब आप योग करते हैं तो आपको एक ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी जारी होगा। इसके अलावा योगा अनप्लग्ड जो युवाओं पर फोकस करता है, खेल एवं योग कल्याण विभाग के सहयोग से युवाओं को जोड़ रहे हैं और युवा हमारे जिले के इंडोर स्टेडियम में आकर के योग प्रैक्टिस कर सकते हैं, तो इस प्रकार से बड़ा आयोजन योग दिवस पर होने जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग ले और इसको सफल बनाएं।

## विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेड रिबन क्लब, ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी अधिकारियों के नेतृत्व में स्वेच्छा से रक्तदान करने के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य थीम - रक्त दें, आशा दें, साथ मिलकर हम जीवन बचाएं पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जैन ने अपने उद्बोधन में " रक्तदान अपनाओ, सबका जीवन बचाओ " पर व्याख्यान देकर सभी विद्यार्थियों को जागरूक किए। जिला अस्पताल दमोह में आयोजित रक्तदान शिविर में एन सी सी कैडेट मोहित अहिरवाल, नीरज विश्वकर्मा एवं वीरेंद्र अहिरवार ने रक्तदान कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। जागरूकता कार्यकम में महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. आर. के. व्यास, डॉ. रमेश अहरवाल, डॉ.के. एस.बामनिया, डॉ.मीरा माधुरी महंत, डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. ऋषिभा दीक्षित, डॉ. मुनमुन सेन, श्रीमती नाज़नीन बेगम, मनीष साहू सहित छात्र- छात्राओ में ऋतु पौरिया, योगेश पटेल, अनुश्री सोनी एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. विक्रांत सिंह चौहान ने सभी को बधाई देकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किए।

# जबेरा अस्पताल में मरीजों को फल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वरिष्ठ पत्रकार,समाजसेवी स्वर्गीय फूलचंद जैन की नवमी पुण्यतिथि पर मरीज को फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा स्वर्गीय फूलचंद जैन के समाज सेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गए योगदान याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन कहा कि जबेरा क्षेत्र में स्वर्गीय श्री फूलचंद जैन ने पत्रकारिता की नींव रखी।वे क्षेत्र की समस्याओं को अपनी कलम से लगातार उठाते रहे और समस्याओं के निराकरण विकास में योगदान देता रहे हैं। उनके परिवारजन द्वारा उनकी स्मृति में करीब 8 वर्ष पूर्व मुख्य सड़क मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विशाल एवं भव्य गेट का निर्माण कराया गया है। स्वास्थ सुविधाओं के विस्तार के लिए भी वे रोगी कल्याण समिति में वरिष्ठ सदस्य के नाते प्रयासरत रहे है।वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोविंद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय फूलचंद जैन का जीवन वास्तव में बहुत ही सरल था और वे कलम की धनी एवं हम सभी के मार्गदर्शक थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता।

वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्री जैन ने हमेशा पत्रकारिता के क्षेत्र में हमारा नेतृत्व किया है उनके कार्य सराहनीय एवं प्रेरणादाई है। बीएमओ डॉक्टर डीके राय ने बताया कि रोगी कल्याण समिति में वरिष्ठ सदस्य थे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में माननीय राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से सुविधाओं में विस्तार करने शीघ्र ही एसी लगवाने की बात कही है।कार्यक्रम के अंत में परिवार जन शैलेंद्र जैन एवं मयंक जैन ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,विनोद मलैया,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, सरपंच शिवलाल धुर्वे, पप्पू बाजपेई,वरिष्ठ काग्रेस नेता गोविंद तिवारी, सुनील सिंघई, ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा,अखिलेश सोनी, जुगल शर्मा,नीरज जायसवाल,अनिल तिवारी,मनोज सैनी,डॉ मनोज जैन,जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन,बीड़ी ठेकेदार अनिल सिंघई, प्रदीप सिंघई, अजित अवस्थी, अन्नू बाजपेई, अरविंद चौधरी, राजा जैन, वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा,संतोष तिवारी,नारायण शर्मा, मुन्ना लाल सोनी, संजय जैन, राजेंद्र जैन, संतोष जैन, विकास राय, अंकित दुबे, शैलू जैन करनपुरा, अमित जैन मंगलम, सहारा ठाकुर, संजीत साहू, परसू साहू,दुर्गा साहू,दिनेश दुबे, बृजेंद्र राय, अजय राय, जितेंद्र मलैया, सौरभ मलैया स्टूडियो, विनीत नामदेव, परषोत्तम गर्ग, विकास राय, गोलू दुबे,मुकेश रैकवार, अंकित साहू, शैलेंद्र जैन, मयंक जैन, प्रशासनिक अधिकारियों में बीएमओ डॉ डी के राय, डॉ रवि यादव, थाना प्रभारी विकाश चौहान, बीईओ विनोद बाचपेई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नगरवासीयो की उपस्थिति रही।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय में संस्कार शिविर का आयोजन

# बच्चों का मन निर्मल नीर की तरह पवित्र - भूपेंद्र जैन शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद संस्कार प्रकल्प द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिमरी राजाराम में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया, तीन दिवसीय संस्कार शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि परिषद के अध्यक्ष दीपक सिंघानिया सचिव विक्रम राजपूत विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री राजीव विरथरे, कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में खिरिया सरपंच शेखर राठौर, दौलत सिंह उपस्थित रहे, संस्कार जिला प्रमुख शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि सर्वप्रथम मां भारती के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात शाला की शिक्षिका सुनीता सोनी ,शीला कटारे पालक संघ अध्यक्ष धन सिंह द्वारा सभी का पुष्प गुच्छ तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, साथ ही अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, बच्चो द्वारा राष्ट्रीय गीतों पर संगीतमय नृत्य किया गया, शिविर के दौरान सिखाई गई श्रेष्ठ संस्कारों का पुनः अध्ययन अतिथियों के समक्ष किया गया संयोजक भूपेंद्र जैन द्वारा अच्छे संस्कार और बुरे संस्कार कैसे होते है विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि नन्हे बच्चों का मन सीतल जल के सामान स्वच्छ और पवित्र होता है प्रारंभ बाल्यावस्था में जिस प्रकार के विचार इन मन मस्तिष्क में प्रवाहित हो जाएंगे बच्चे बड़े होकर उसी तरह आचरण करने लगते है जिलाध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र को सशक्त और मजबूत बनाने हेतु युवा पीढ़ी का विशेष योगदान होता है आप सभी सु संस्कारो से आच्छादित रहे अपने घर परिवार के साथ देश की उन्नति में सहभागी बने, शिविर के तीनों दिन धनेश जैन राजीव विरथरे दीपक सिंघानिया विक्रम राजपूत भूपेंद्र जैन सहित तारण तरण सेवा समिति,टीम तारण जअ द्वारा स्वल्पाहार और पुरस्कार की व्यवस्था की गई, शिविर के समापन पर शिक्षक भूपेंद्र जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम मड़िया में स्थित प्राचीन बावड़ी में श्रमदान प्रारंभ

### आज रविवार को कलेक्टर, जिला सीईओ सहित जनप्रतिनिधि करेंगे श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं म. प्र. जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह द्वारा पथरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मड़यिा में स्थित लगभग 300 वर्ष अति प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता एवं श्रमदान का कार्यक्रम आज शुभारंभ किया गया जिसमें ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर बावड़ी को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु प्रयास प्रारंभ किए हैं कल रविवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे सहित जनप्रतिनिधि भी इसमें श्रमदान कर इसे मूर्त रूप प्रदान करेंगे। वरिष्ठ ग्रामीण रामप्रसाद पटेल ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमारे पूर्वजों की बनाई बावड़ियों को आज सरकार संरक्षित करने का काम कर रही है हमारे लिए तो सभी जल गंगा के समान है और यह अभियान भी जल गंगा संवर्धन अभियान है जिसके तहत बावड़ी का सुधार कार्य हो रहा है आज हम सभी ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता की है कल कलेक्टर सर के आगमन से आशा और उम्मीद है कि कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा । जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने कहा कि जिला प्रशासन और कलेक्टर सर के मार्गदर्शन में हम निरंतर प्राचीन जल संरचनाओं को संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं यह बावड़िया इस बात का प्रमाण है कि हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्षों का सोचकर यह निर्माण किए होंगे। जिले के यूथ अचीवर्स एवं समाजसेवी कृष्णा पटेल ने कहा कि बावड़ी की प्राचीनता के साथ-साथ इसका बड़ा धार्मिक महत्व भी है बावड़ी के ठीक सामने जो अति प्राचीन भगवान नरसिंह और अनेक प्रतिमाएं रखी हुई है वह इसी बावड़ी की खुदाई से निकली थी और यह बावड़ी लगभग 300 वर्ष पुरानी है हम सभी को सौभाग्य मिला है कि हम अपने पूर्वजों की धरोहर को सहेजने का कार्य करे। सुशील कुमार नामदेव, कृष्णा पटेल , रामप्रसाद पटैल, जगदीश पटैल बलराम पटैल राजेन्द्र पटैल, महेंद्र पटैल, सुरेश पटैल, अभिषेक पटैल, सुनील पटैल, कपिल पटैल, दुर्गेश पटेल, सत्यम पटैल कार्तिक पटैल, कृष्णा पटेल, हेमराज पटेल, आकाश पटैल, बृजेंद्र पटेल, यशवंत पटेल, चंद्रपाल सिंह परिहार, अमित पटेल, आशीष पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# सुनवानी थाना क्षेत्र में खुलेआम पुलिस की मौजूदगी में बिक रही है अवैध शराब

### उडला ग्राम में वाहन चेकिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली

अमानगंज।

पन्ना जिले में इन दिनों अंधेर नगरी चौपट राजा का राज चल रहा है और जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत चरितार्थ हो रही है पन्ना में सिक्कों की खनक के आगे कानून के रखवाले अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे और आज की युवा पीढ़ी इस नशे की लत से लाचार, ताजा मामला पन्ना जिले के सुनवानी थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां सुनवानी थाना क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर सरिता तिवारी की कार्य प्रणाली सन्देह के घेरे में देखी जा रही

## कांग्रेस नेता की मनाई पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव जिला युवक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृषि समिति के सभापति एवं गैसाबाद जनपद सदस्य जैसे अनेक राजनीतिक पदों पर कार्यरत रहे। हटा विधानसभा क्षेत्र में एक संघर्षशील कर्मठ और जुझारू नेता की छवि स्थापित करने वाले, स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव जी की 27 वी पुण्यतिथि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी उनके गृह ग्राम गैसाबाद में सदभावना पूर्वक मनाई गई। ग्रामीण क्षेत्र से सभी जाति वर्ग के एवं भैया राजगोपाल से लगाव रखने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता एवं स्वर्गीय राजगोपाल जी के अनुज भ्राता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने अपने अग्रज के चरणों में माथा टेककर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित



**दमोह।** मध्य प्रदेश पंजाबी महिला विकास समिति उज्जैन (महिदपुर) द्वारा आयोजित 11वे प्रांतीय अधिवेशन संगम एकता मैत्री एवं सेवा में पंजाबी महिला विकास समिति दमोह को शहर में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए अध्यक्ष सोनिया अरोरा एवं सचिव शूची अरोरा को ट्रॉफी एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंजाबी महिला विकास समिति दमोह की अध्यक्ष सोनिया अरोड़ा ने बताया कि 11वां प्रांतीय अधिवेशन महिदपुर में बहुत ही परंपरागत तरीके से मनाया गया जिसमें मध्य प्रदेश के कई जिलों की पंजाबी क्लब की टीम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी जिलों के पंजाबी क्लब की टीम में पारस्परिक एकता प्यार और सद्भावना की भावना को प्रदर्शित करना था। इस अधिवेशन में जिले के प्रमुख शहरों जैसे इंदौर उज्जैन, अशोकनगर, गंज बासौदा, रतलाम, गुना, दमोह इत्यादि कई टीमों ने बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दी। इस कार्यक्रम में हर जिले की टीम ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी और पंजाबी क्लब की सदस्यों के द्वारा परंपरागत पंजाबी भंगड़ा प्रस्तुत किया गया। जिला अध्यक्ष वी ना साहनी सचिव मनवीर नारंग की उपस्थिति में इस अधिवेशन के प्रथम सत्र में कैबिनेट मीटिंग और अलंकरण समारोह रखा गया और अधिवेशन के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैनर प्रेजेंटेशन रहा।

# टेक्निकल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

### तहसीलदार अखिलेश प्रजापति और टी आई रोहित मिश्रा रहे विशिष्ट अतिथि

### डॉक्टर जितेंद्र खरे ने किया पुरस्कृत

पन्ना।



पन्ना के सिविल लाइन स्थित पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ पन्ना टीआई रोहित मिश्रा और तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने किया पहले खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया और इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने टॉस फेक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, ठ टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा ले रही हैं लेदर बॉल के इस टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पन्ना की ए टीम और अमानगंज की टीम के बीच खेला गया जिसमें अमानगंज में टॉस जीतकर बॉलिंग की पन्ना की ए टीम ने बैटिंग करते हुए 136 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 50 रन शुभ त्रिपाठी ने बनाये ओपनिंग जयराज सिंह और चिराग बागोरा ने की जिसमें जयराज सिंह ने 36 रन बनाकर आउट हुए , कुश अग्रवाल ने 20 रन जोड़े पूरी टीम ने चार विकेट पर 136 रन बनाए, लक्ष्य का सामना करने के लिए उतरी डायमंड क्रिकेट क्लब अमानगंज ने अच्छा खेल दिखाए पर पूरी टीम 115 रन के स्कोर पर आउट हो गई पन्ना की ओर से कुश अग्रवाल ने 2 और सक्षम विश्वकर्मा ने 2, प्रिंस पाठक ने एक और उमंग यादव ने 2 विकेट लिए और कैच पकडे, खिलाड़ियों में इतना उत्साह था कि 3 बजे से कड़ाके की धूप में सभी खिलाड़ी खेलने मैदान में उतरे मुख्य अतिथि रोहित मिश्रा जो क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी है ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है और इन दिनों स्कूल भी बंद है लिहाजा छात्रों को मोबाइल पर समय बिताने के बजाय खेल के मैदान पर खेल में समय देना चाहिए रोहित मिश्रा ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है सर्वांगीण विकास होता है।

## खबर संक्षेप

### 11 वाहनों पर चालानी कार्यवाही

दमोह । जिला कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग लगातार वाहन चैकिंग सहित चालानी कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया सागर नाका वायपास पर वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया 11 वाहनों से 30 हजार 800 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया चैकिंग के दौरान 01 डम्पर बिना फिटनेस, 01 डम्पर बिना पीयूसी, 01 डम्पर ओवरलोड, 01 ट्रक बिना इंश्यूरेंस के सामने आए हैं। साथ ही हेल्मेट चैकिंग भी अन्य वाहनों की गई। उन्होंने बताया यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर चयनित राहवीर को मिलेंगे एक लाख

दमोह। यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया राहवीर योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने वाले राहवीर को 25000 रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अप्रेजल कमेटी के माध्यम से यह कार्यवाही की जाएगी। योजना से सड़क दुर्घटनाओं से गंभीर घायल व्यक्ति का तुरंत उपचार संभव हो सकेगा। ऐसे राहवीर जो सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को तुरंत मदद पहुंचाएंगे उनमें से 10 लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिनमें से चयनित राहवीर को 01 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया गुड सेमेरिटन स्कीम के स्थान पर राहवीर योजना लाई गई हैं, यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगी। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई थी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल में ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। गुड सेमेरिटन स्कीम में प्रोत्साहन राशि 5000 निर्धारित की गई थी। इस योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा में शामिल किया गया हैं।

### 85 युवाओं ने कराया पंजीयन

दमोह। युवाओं को रोजगार से जोड़ने क्वेस कार्प फॉर टाटा मोटर सानंद का प्लेसमेंट ड्राइव का अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में 85 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। साथ ही 30 युवाओं के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, जिला रोजगार अधिकारी एल पी लड़िया सहित युवाओं की मौजूदगी रही।

### 16 जून से मॉर्निंग शिफ्ट में ही संचालित होंगे सभी विद्यालय आदेश जारी

दमोह। विद्यार्थियों पर मौसम के प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने की संभावना को देखते हुए, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि आगामी आदेश तक समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालय कक्षा 1 से 12वी तक सुबह की पारी में ही संचालित होंगे। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा की द्वितीय अवसर की परीक्षाएं 17 जून से प्रारंभ हो रही हैं अतः ऐसे विद्यालय जहां इन परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं वहां पर दोपहर में ही कक्षाओं का संचालन होगा।

आम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से आम बीन रहे एक किशोर की मौत, दो गंभीर

## बारिश के साथ आकाशीय बिजली का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अनुविभाग हटा के मगरोन थाना क्षेत्र में बटियागढ़ रोड पर बरोदा के सिमरी गांव में शनिवार की शाम आंधी तूफान के साथ रिमझिम बारिश के बीच आम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से वहां आम बीन रहे एक किशोर की मौत हो गई वहीं दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जहां भीषण गर्मी के दौर के चलते शनिवार को अचानक आंधी तूफान के साथ मानसून की दस्तक हुई लेकिन मानसून की दस्तक क्षेत्र में मौत के कहर के साथ प्रवेश हुई जहां समीपस्थ ग्राम बरोदा के सिमरी गांव में अचानक शनिवार की शाम आंधी तूफान के साथ बारिश होने से गांव के समीप लगे आम के पेड़ के नीचे कुछ बच्चे आम बीन रहे लेकिन अचानक बादलों की तेज गड़गड़ाहट गरज चमक के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई जहां पेड़ के नीचे खड़े 15 वर्षीय मदन पिता अमोदा अहिरवार की दर्दनाक मौत हो गई वही अमित पिता नारायण अहिरवार उम्र 14 वर्ष एवं अनिल पिता बहादुर अहिरवार उम्र 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें निजी वाहन से तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है और घायलों की स्थिति सामान्य है।

## पैरवारा कांड का मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह लोधी सहित 6 आरोपियों को न्यायालय ने भेजा जेल

### मामले में कुल 12 आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अनुविभाग हटा के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत पैरवारा गाँव में हंड्रेड डायल के आरक्षक और पायलट को बंधक बनाकर मारपीट कर जिंदा जलाने के मामले में शनिवार को मगरोन थाना प्रभारी बी एल पटेल ने पुलिस बल के साथ पांच अन्य आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की वही घटना में बनाए गए मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह लोधी उसका साथी सुंदर सिंह की पुलिस रिमांड अवधी पूरी होने पर कुल सात आरोपी जिनमें करोड़ी, भूपेंद्र, हरिराम, मनीष, गोलू, छत्रपाल सिंह लोधी को हटा न्यायालय में पेश किया गया। जहां अधिवक्ता डीपी पटेल ने न्यायीक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निशिता श्रीवास्तव के समक्ष पैरवी की, मामले में सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को जेल वारंट बनाकर उन्हें हटा उप जेल भेज दिया है। इस तरह मामले में कुल बारह आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। वही अन्य आरोपियों की तलाश करने में मगरोंन थाना पुलिस जुटी हुई है। वही जब आरोपी न्यायालय से बाहर निकलकर पुलिस के वाहन में सवार हो रहे थे। इसी दौरान मीडिया के कैमरों के सामने मुख्य आरोपी हवा में हाथ हिलाकर मुस्कुराते हुए इशारे करते दिखाई दिया। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। की पुलिस पर जानलेवा हमला करने बाले आरोपियों को पुलिस राजनैतिक दबाव में अतिथियों की तर्ज पर अभिरक्षा में रख रही थी जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## रनेह में आज स्वास्थ्य पुलिस प्रशासन के विरोध में आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

विगत 9 जून को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह में पदस्थ स्टाफ नर्स नीलिमा यादव एवं महेंद्र लोधी निवासी टपरिया जिला पन्ना के साथ यात्री बस में की गई अभद्रता लात चप्पल से मारपीट, गंदी-गंदी गालियों का वीडियो वायरल हुआ, जो हर गली चौराहा चाय-पान के टपरा पर चर्चा का विषय बना है। साथ ही यह भी लोग कह रहे हैं कि कितना शर्मनाक पहलू है कि जो पिटा, जिसकी बेइज्जती हुई उसी पर एक साथ दो केस दर्ज और नर्स के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि पीड़ित ने एसपी कार्यालय में शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई, और महेंद्र लोधी पर नर्स नीलिमा यादव की शिकायत पर बीएनएस की धारा 74, 77, 132, 296, 351(3), 353, 354 जैसी गंभीर धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर दिया गया। वायरल वीडियो में नर्स द्वारा जाति सूचक शब्द भी कहे गए जिसको लेकर समूचे जिला की समाज में आक्रोश व्याप्त है और लचर बिगड़ी कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने सर्व समाज को एकत्र कर आंदोलन की अपील सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से की जा रही है। जिसमें पीड़ित को न्याय के साथ ही दोषियों पर कार्यवाही की मांग प्रमुखता से की जा रही है।

## डीएपी का उपयोग चलता रहा तो कुछ सालों के बाद धरती बंजर हो जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

किसान भाई डीएपी के ब्रांड की तरफ ना जायें। डीएपी केवल एक ब्रांड उसमें जो हमारे कम्पोनेन्ट्स होते हैं, जो कम्पोनेन्ट खाद के रूप में चाहिए वह एन.पी.के और टी.एस.पी में उपलब्ध है बल्कि उससे बेहतर तरीके से उपलब्ध है, जो पोटेशियम, नाइट्रोजन, फास्फोरस की मात्रा होती है, वह एन.पी.के और टी.एस.पी में उपलब्ध है, डीएपी के पीछे क्यों भागे, किसानों से आग्रह है डिमांड डीएपी की ना करें। डीएपी की बजाय एन.पी.के, टी.एस.पी, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग करें और इसके उपयोग से बेहतर उर्वरता किसानों की खेती में आएगी और बेहतर फसल होगी। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के किसानों से कही है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह बात बिल्कुल क्लियर है कि ऐसा ही लगातार डीएपी का उपयोग चलता रहा तो कुछ सालों के बाद धरती बंजर हो जाएगी और किसान पैदावार नहीं ले पाएंगे। आप सब किसान भाई जानते है, कि सभी बोनी के लिए तत्पर हो रहे हैं, ऐसे समय में खाद की मांग आती है और जब खाद की बात आती है तो सभी के दिमाग में सबसे पहले डीएपी आता है, कि डीएपी है कि नहीं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि बिल्कुल भी पैनिक नहीं करना है, जिला प्रशासन हर जगह 4-4 काउंटर लगा रहा हैं जिसमें एक निजी विक्रेता का काउंटर भी है और इन काउंटरों के माध्यम से डीएपी और यूरिया की बिक्री और सारे खादों की बिक्री होने वाली है। तो किसी प्रकार कोई किल्लत की स्थिति नहीं है। बाकी सब खाद जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा डीएपी की उपलब्धता नहीं है, किसान भाई डीएपी के लिए अनावश्यक रूप से चिंतित न हो।

डीएपी के बजाय एन.पी के और बाकी खादों का इस्तेमाल आराम से करें। जिले में पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था की गई है, कृषि सहकारी समितियां हैं, उन पर अग्रिम भंडारण ऑलरेडी कर चुके हैं, जो किसान इन समितियों के सदस्य हैं वह कृपया तत्काल वहाँ से ले सकेंगे। वहाँ पर पर्याप्त मात्रा में एन.पी.के, टी.एस.पी खाद उपलब्ध है, इसलिए मेरा सभी किसानों से अनुरोध है कि डीएपी की अनावश्यक रूप से डिमांड ना करें।

### सुनवानी थाना क्षेत्र में खुलेआम पुलिस की मौजूदगी में बिक रही है अवैध शराब

अमानगंज।

पन्ना जिले में इन दिनों अंधेर नगरी चौपट राजा का राज चल रहा है और जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत चरितार्थ हो रही है पन्ना में सिक्कों की खनक के आगे कानून के रखवाले अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे और आज की युवा पीढ़ी इस नशे की लत से लाचार, ताजा मामला पन्ना जिले के सुनवानी थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां सुनवानी थाना क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर सरिता तिवारी की कार्य प्रणाली सन्देह के घेरे में देखी जा रही थाना क्षेत्र में लगातार अवैध शराब बिक्री की जा रही है।

## लघु उद्योग विकास परिषद के समारोह का उदघाटन

**नरसिंहगढ़।** तहसील पथरिया में लघु उद्योग विकास परिषद के उद्घाटन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. के. ठाकुर ने परिषद का विधिवत उद्घाटन किया। उनके साथ मंच पर विशेष रूप से प्रोजेक्ट मैनेजर मुस्कान सिंह एवं प्रखंड निर्देशक नरेंद्र पटेल उपस्थित रहे। समारोह में प्रखंड शिक्षिका कीर्ति पटेल, आदर्श केंद्र बांसा की पंचायत विकास प्रबंधक भरत पटेल, तथा पंचायत विकास शिक्षिका सविता पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त आदर्श केंद्र लखरोनी से पंचायत विकास प्रबंधक सतीश पटेल एवं पंचायत विकास शिक्षिका सुश्री प्रियंका पटेल ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। पंचायत प्रबंधक अनिल तिवारी (चिरौला) ने आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, युवाओं तथा उद्यमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिषद का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देना और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में सभी पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के सदस्यों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्री हनुमान मढ़ा मंदिर में टीन शेड का निर्माण

**बनवार।** हटा विधायक उमा देवी/लालचंद खटीक ने कुसमी के प्रसिद्ध श्री हनुमान मढ़ा मंदिर में विधायक निधि से टीन शेड का निर्माण करवाया है। इस पहल से भक्तों में खुशी की लहर है, क्योंकि अब उन्हें बैठने के लिए छाया की व्यवस्था हो गई है। पहले धूप और बारिश में उन्हें परेशानी होती थी। जनपद सदस्य पंडित गोविंद तिवारी ने बताया कि टीन शेड लगने से मंदिर में कार्यक्रमों के दौरान लगभग 100 से ज्यादा लोग बैठकर भोजन और भजन-कीर्तन कर सकेंगे। ग्रामवासी सुरेश यादव, चंद्रभान सिंह राजपूत, नितिन तिवारी और अन्य ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। ऐसे निर्माण कार्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाते हैं और उनकी आस्था को मजबूत बनाते हैं। हटा विधायक उमा देवी खटीक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल में किए विकास कार्य की सराहना की है।

## ट्रांसफार्मर से बिजली का तेल चुराने आए चोर

### पकड़ने पहुंचे तो सामान छोडकर भागे चोर

**दमोह।** गुरुवार रात लगभग 10 बजे एक बड़ी चोरी की कोशिश उस समय नाकाम हो गई जब राजकुमार गट्टानी के खेत में लगे ट्रांसफार्मर से बिजली का तेल चुराने आए चोरों को खेत पर मौजूद व्यक्ति ने चोरी करते देख लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकुमार गट्टानी ने खेत को ठेके पर यादव नामक किसान को दिया है। यादव रात को खेत पर ही मौजूद थे। जब उन्होंने देखा कि ट्रांसफार्मर से बिजली का तेल निकाला जा रहा है। जब वे पास पहुंचे, तो चोर भाग खड़े हुए और मौके पर दो कैन, एक सटक और अपनी मोटरसाइकिल छोड़ गए। घटना के प्रत्यक्षदर्शी महेंद्र सिंह जेरठ और हन्नु यादव ने इसकी जानकारी खेत मालिक राजकुमार गट्टानी को दी। सूचना मिलते ही गट्टानी तत्काल खेत पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी को सूचित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर चोरों की छोड़ी गई मोटरसाइकिल, कैन और सटक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने सभी सामग्री चौकी में रखवा दी है और जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोर कौन थे और क्या उन्होंने इससे पहले भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया है। यह आशंका जताई जा रही है कि क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की अन्य घटनाओं के पीछे भी यही गिरोह हो सकता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस कब तक इस मामले की तह तक पहुंच पाती है और दोषियों को पकड़ने में सफल होती है।

## ग्रामों में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता एवं वन संरक्षण पर विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण विकास समिति के द्वारा इमलीडोल, हाथीडोल, जरूआ ग्रामों में वन समितियों के साथ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, जैव विविधता संरक्षण, जल एवं वन संपदाओं के संरक्षण और भूमि क्षरण को रोकने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं और युवाओं को पर्यावरणीय विषयों पर जागरूक बनाना और उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना। तीनों ग्रामों में आयोजित प्रशिक्षणों में कुल 102 ग्रामीणों ने सहभागिता की, जिनमें 48 महिलाएं एवं 54 पुरुष सम्मिलित थे। प्रशिक्षण के दौरान वनरक्षक अभिषेक मोदी ने जलवायु परिवर्तन और इसके दुष्परिणाम जैव विविधता का महत्व और इसके संरक्षण के उपाय बताएं। वनपाल खूबसिंह ठाकुर ने वर्षा जल संचयन एवं जल स्रोतों का संवर्धन वनों की कटाई रोकने एवं सामुदायिक वनों के संरक्षण की रणनीतियों पर सुझाव दिए। राजेश सिंह ने भूमि क्षरण और मिट्टी के संरक्षण के उपाय पर विस्तार से बताया जिससे ग्रामीणों को पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता को समझने में सहायता मिली। प्रतिभागियों ने इन विषयों पर रुचि लेकर प्रश्न पूछे और अपने अनुभव भी साझा किए। धरमदास पाल ने बताया जीव्हीएस द्वारा गोरईया नदी के उदगम स्थल पर पांच तलईयों को बनाकर जीर्णोद्धार किया गया हैं। बरसात में तीन हजार पौधा रोपण किया जाना हैं जिसके लिए सभी तैयार रहे। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन अन्य ग्रामों में किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण समुदाय पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सहभागी बन सकें। इस दौरान सरपंच नवल झारिया, ज्योति राव, सुषमा यादव, ज्योति रैकवार, नीरज यादव, भागीरथ केवट का विशेष सहयोग रहा।

हटा उपखण्ड स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

## जर्जर भवनों का चिन्हांकन करने का कार्य किया जाए-एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन करते हुए वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा के नियंत्रण के संबंध में चर्चा की गई, पिछले वर्षों के अनुभव साझा हुए और प्रभावी नियंत्रण के संबंध में विभिन्न सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

एसडीएम हटा श्री मरकाम ने नगरीय/ग्रामीण निकायों को मानसून पूर्व तैयारियों के सबंध में सभी निकायों को एक सप्ताह के अंदर सभी नालों को साफ करने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर उन्हें ढहाने अथवा अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नोटिस जारी का कार्य किया जाए। बैठक में बताया गया आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन कर बाढ़ उन्मुख क्षेत्रों को चिन्हित किया गया हैं।

उन्होंने कहा बाढ़ के इतिहास एवं वर्तमान स्थितियों के दृष्टिगत बाढ़ आपदा नियंत्रण की दिशा में समय के पूर्व सक्रियता से कार्य करें ताकि किसी प्रकार की अवांछित परिस्थितियां उत्पन्न नहीं हो। ऐसी नदियां जिनमें जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ आती है या बाढ़ की संभावना रहती है, तो इसकी पूर्व से ही चेतावनी जारी करने के साथ ही खतरे के जल स्तर का चिन्हांकन कर बाढ़ आपदा नियंत्रण में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें। साथ ही बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष तैयार करने, जल निकास के लिये नालियों की बारिश पूर्व सफाई, नाला के किनारे अतिक्रमण हटाने, बड़े बांधो और तालाबों के तटबंधों का सुदृढ़ीकरण करने, बाढ़ की पूर्व सूचना की व्यवस्था करने और आपातकालीन कार्यवाही के लिये आवश्यक सेवाओं के रख-रखाव, समन्वय, आवश्यक वस्तुओं का भंडारण, दवाई व चिकित्सक दल, पशु चिकित्सा सेवायें, स्वास्थ्य व स्वच्छता, पेयजल, अस्थायी शिविर, अतिरिक्त खाद्यान्न की व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे संवेदनशीलता के साथ इस दिशा में कार्य करें।

बैठक में एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार हटा प्रवीण त्रिपाठी, तहसीलदार पटेरा शिवराम चढ़ार, सभी सीईओ जनपद, सीएमओ नगर पालिका, स्वास्थ्य, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## संगठन सृजन अभियान को गति देने 17 जून को आयेंगे पर्यवेक्षक सांसद कल्याण काले

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मंडलम सेक्टर मोर्चा संगठनो विभागो प्रकोष्ठो एवं समस्त कांग्रेसजनों से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने अनुरोध किया है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक एवं दमोह जिला संगठन सृजन अभियान प्रभारी महाराष्ट्र से सांसद कल्याण काले जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव, म.प्र. कांग्रेस कमेटी के महिला अध्यक्ष विभा पटेल एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव भुवन विक्रम सिंह का दिनांक 17 जून 2025 को दोपहर 12: 30 बजे दमोह आगमन हो रहा है। 17जून को ही दोपहर 3:20 बजें जिला कांग्रेस कार्यालय में जिले के समस्त पदाधिकारियों की बैठक में अपना संबोधन देगे एवं वन टू वन मुलाकात करेगे। सांय 5 बजे पत्रकार वार्ता में पत्रकारो को सृजन अभियान पर चर्चा करेगे। 18 जून का दोपहर 3 बजे बढियागढ में कांग्रेस कार्याकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मुलाकात करेगे। दिनांक 19 जून गुरूबार को 57 हटा विधानसभा के हटा ब्लाक में 11:30 बजें एवं पटेरा ब्लाक में 3:15 बजें कांग्रेस कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर संगठन की राय जायेगे। तत्पश्चात 20 जून 2025 को जबेरा विधानसभा के जबेरा ब्लाक में दोपहर 11 बजें संगठनात्मक बैठक को संगठन को कैसे गति दी जाये। इनके बाद तेन्दूखेड़ा में 3:15 बजें आयोजित ब्लाक पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों की बैठक के उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगे।

## बिजली की चोरी से चलती मिली 2 चक्की एवं 6 हीटर

**तेंदूखेड़ा।** बिजली विभाग की टीम के द्वारा पांजी, खामखेड़ा, दलपतखेड़ा, अजीतपुर, टपरिया ग्रामों का औचक निरीक्षण किया गया। ग्राम दलपतखेड़ा एवं पांजी में 2 आटा चक्की बिजली लाईन से सीधी चलाई जा रही थी साथ ही अन्य ग्रामों में चोरी से 6 बिजली हीटर जलाएं जा रहे थे। एई मोहम्मद फरीद अंसारी ने बताया कि लोगों के द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिसमें चक्की एवं हीटर निरीक्षण के दौरान जप्त किए गए हैं पंचनामा कार्यवाही के उपरांत बिजली चोरों पर कार्यवाही प्रस्तावित की गई हैं। आगे भी इसी तरह से ग्रामों का औचक निरीक्षण किया जाएंगा। सभी से अपील हैं कि बिजली चोरी न करें समय से अपना बिजली का बिल जमा करें। कार्यवाही के दौरान लाइन मेन अवधेश यादव, सुधीर पटैरिया, शिवम खरे, ब्रजेश अहिरवार एवं मीटर रीडर कुद्दू घोषी मौजूद रहे।

## अपंजीकृत पैथोलॉजी लैबों पर कार्रवाई के निर्देश

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के अंतर्गत संचालित प्राइवेट पेथोलॉजी लैब के निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन के आधार पर अपंजीकृत पायी गयी प्राइवेट पैथोलॉजी लैब के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था जिसके संबंध में संबंधितो के द्वारा कोई प्रतिउत्तर कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पैथालॉजिस्ट डॉ. अमित प्रकाश जैन, डॉ. प्रकाश सोनी, लैब तकनीशियन योगेश जाट, सौरभ खरे जिला चिकित्सालय दमोह को आदेशित किया है, कि जिले में संचालित हो रही अपंजीकृत पैथोलॉजी लैबों को म.प्र उपचार्यगृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं ( रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 के उल्लंघन का दोषी पाये जाने के आरोप पर अली पैथालॉजी, नूरी पैथोलॉजी, मिल्टन लैब, निदान पैथोलॉजी, क्योरवेल पैथोलॉजी, बंधन डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर, सिद्धी विनायक पैथालॉजी, जय पैथालॉजी, फातिमा नर्सिंग होम पैथालॉजी, नेमा पैथालॉजी, आनंद डायग्नोस्टिक सेंटर, दमोह पैथालॉजी लैब निम्न प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटर पर इस अधिनियम के तहत अनुविभागीय अधिकारी जिला दमोह एवं उप पुलिस अधीक्षक दमोह से समन्वय स्थापित करते हुए प्राइवेट पैथोलॉजी लैब को तत्काल सील कर कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित किया जायें।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहम्मद इमरान खान पिता अब्दुल रशीद उम्र 34 वर्ष साकिन - हाउस नं. 1011 डी सेक्टर सुंदर नगर अशोका गार्डन हुजूर गोविंदपुरा भोपाल म.प्र.ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरी पुत्री इंजिला खान का जन्म दिनांक 15/11/2016 को शासकीय जिला चिकित्सालय दमोह में हुआ था जिसका आधार कार्ड नं. 749160523881 है। यह कि मेरी पुत्री का पूर्व में इंजिला खान पिता मोहम्मद इमरान एवं माता का नाम अंजुम फरीदी था अब मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर आयत खान कर दिया है। यह कि मैंने अपनी पुत्री के संबंध में सिर्फ नाम का संशोधन कराया है। यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उजर हो तो वह 7 दिवस के अंदर मेरे उक्त पते में आकर संपर्क करें। अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर मान्य नहीं की जावेगी। दमोह,

शपथकर्ता दिनांक- 14/06/2025